संसद सदस्यों ने श्री राजीव गाँधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 20 अगस्त, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केंद्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; केंद्रीय वित्त मंत्री, कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अरुण जेटली; पूर्व प्रधानमंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह; पूर्व उप प्रधानमंत्री और आचार समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गाँधी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज पूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर पर संसद के केन्द्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए

श्री राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले विशिष्टजनों में अनेक मंत्री; संसद सदस्य; और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे।

राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ और लोक सभा के सचिव, डॉ डी भल्ला ने भी श्री गाँधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए । इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री राजीव गाँधी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 20 अगस्त, 1993 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्री राजीव गाँधी के चित्र का अनावरण किया था ।